साई साई बोल रे बंदे

साईं नाम का सुमिरन करले साईं नाम अनमोल
जीवन सफल हो जाएगा बंदे साईं साईं बोल
साईं साईं बोल रे बंदे बोल

साईं की माला जपने वाला होता नही मजबूर
साईं की भगती कर देती है हर आफत से चूर
साईं साईं बोल रे बंदे बोल

अपने कानो में साईं की चाहत के रस घोल
साईं का बन जा भक्त तू दिल से मन की आँखे खोल
साईं साईं बोल रे बंदे बोल

साईं ऐसा अंतर यामी जाने दिल की बात,
साईं मेरा दे देता है हर मुश्किल को मात
साईं साईं बोल रे बंदे बोल

बन के मुरारी आ जाता है सुनता है अरदास
सब की रक्शा करने वाला बाबा है सब के पास
साईं साईं बोल रे बंदे बोल

सारे जगत में बाबा मेरा ऐसा साईं राम
मुश्किल में जो उसको पुकारे आये उसके काम
साईं साईं बोल रे बंदे बोल

दर दर काहे भटक रहा है आजा साईं द्वार
तुझपे करेगे किरपा साईं होगा बेडा पार
साईं साईं बोल रे बंदे बोल

Source: https://www.bharattemples.com/sai-sai-bol-re-bande-bol/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw